नामांक Roll No.

No. of Questions – **38**

No. of Printed Pages – **7**

V-103

व्यावसायिक शिक्षा (कक्षा–X) परीक्षा, 2018

लेवल – द्वितीय

विषय – स्वास्थ्य देखभाल

समय : 2 घण्टे 15 मिनट **पूर्णांक: 30**

परीक्षार्थियों के लिए सामान्य निर्देश :

(1) परीक्षार्थी सर्वप्रथम अपने प्रश्न–पत्र पर नामांक अनिवार्यतः लिखें ।

(2) **सभी** प्रश्न हल करने अनिवार्य हैं ।

(3) प्रत्येक प्रश्न का उत्तर दी गई उत्तर–पुस्तिका में निर्धारित शब्द सीमा में लिखें ।

(4) प्रश्न संख्या **1** से **10** तक (बहुविकल्पीय प्रश्नों) के उत्तर तालिका बनाकर उत्तर–पुस्तिका में लिखें ।

(5) प्रश्न संख्या **11** से **30** तक के उत्तर रिक्त स्थानों की पूर्ति कर उत्तर–पुस्तिका में तालिका बनाकर लिखें ।

(6) प्रश्न संख्या **31** से **36** तक के उत्तर **4** से **6** पंक्तियों में लिखें ।

(7) प्रश्न संख्या **37** एवं **38** के उत्तर दो पृष्ठों तक लिखें ।

Downloaded from www.cclchapter.com

खण्ड – (अ)

सही विकल्प चुनें : **(10 × ½ = 5)**

1. अस्पताल के हाउस कीपिंग विभाग का मुख्य कार्य होता है **(½)**

   (अ) परामर्श एवं जाँच (ब) स्वास्थ्य शिक्षा

   (स) अस्पताल को साफ रखना (द) काउंसलिंग

2. प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में बिस्तर की संख्या होती है **(½)**

   (अ) 30 से 50 (ब) 50 से 200

   (स) 200 से 300 (द) 6 से 10

3. अस्पताल में रक्त के संग्रह और प्रसंसाधन की जिम्मेदारी होती है **(½)**

   (अ) रुधिर प्रयोगशाला (ब) ब्लड बैंक

   (स) जीवाणु विज्ञान प्रयोगशाला (द) परजीवी विज्ञान प्रयोगशाला

4. एक स्वस्थ वयस्क में सामान्य पल्स (नब्ज) प्रति मिनट कितनी धड़कती है ? **(½)**

   (अ) 20 से 40 के बीच (ब) 40 से 60 के बीच

   (स) 60 से 80 के बीच (द) 80 से 100 के बीच

5. संक्रमित जन्तु के काटने से मनुष्य में कौन सा रोग होता है ? **(½)**

   (अ) निमोनिया (ब) तपेदिक

   (स) कैंसर (द) रेबीज

Downloaded from www.cclchapter.com

6. डेंगू बुखार है (½)

(अ) कवक जनित
(ब) वाइरस जनित
(स) वैक्टीरिया जनित
(द) प्रोटोजोआ जनित

7. प्राथमिक उपचार का उद्देश्य है (½)

(अ) दर्द कम करना।
(ब) जल्दी ठीक होने में मदद करना।
(स) बिगड़ती स्थिति को रोकना।
(द) उपरोक्त सभी

8. ओरल पुनर्जलीकरण नमक (ओ.आर.एस.) का प्रयोग किया जाता है (½)

(अ) एलर्जी में
(ब) सिरदर्द में
(स) निर्जलीकरण में
(द) पीलिया में

9. अस्थि विज्ञान में अध्ययन किया जाता है (½)

(अ) आंत के अंगों का
(ब) तंत्रिका तंत्र का
(स) हड्डियों का
(द) कोशिकाओं का

10. एक ग्राम प्रोटीन से कितनी ऊर्जा मिलती है ? (½)

(अ) 4 किलो कैलोरी
(ब) 9 किलो कैलोरी
(स) 8 किलो कैलोरी
(द) 18 किलो कैलोरी

Downloaded from www.cclchapter.com

खण्ड – (ब)

रिक्त स्थानों की पूर्ति करें : (20 × ½ = 10)

11. महिला मूत्र मार्ग और प्रजनन अंगों की समस्याओं की जाँच और इलाज अस्पताल के ________ विभाग में की जाती है । (½)

12. सामान्य रोगों का इलाज ________ अस्पताल में किया जाता है । (½)

13. रोगी के लक्षणों और संकेतों द्वारा रोग को पहचानने की कला या गतिविधि ________ कहलाती है । (½)

14. रोगियों के लिए गुणवत्तापूर्ण आहार सेवाएँ प्रदान करने का दायित्व ________ विभाग पर होता है । (½)

15. देखभाल योजना का अंतिम चरण ________ कहलाता है । (½)

16. शरीर का तापमान, नब्ज, श्वसन और ________ जीवन के चार महत्त्वपूर्ण संकेत होते हैं । (½)

17. बैक्टीरिया के खिलाफ फीनोल्स प्रभावी ________ होता है । (½)

18. अचानक बीमार या घायल व्यक्ति को तत्काल और अस्थाई रूप से दी जाने वाली सहायता ________ कहलाती है । (½)

Downloaded from www.cclchapter.com

19. घायल व्यक्ति साँस नहीं ले रहा है, तो ________ जोड़कर साँस देनी चाहिए । (½)

20. खाद्य जनित बीमारियाँ होने का कारण अस्वच्छ ________ होता है । (½)

21. जले हुए भाग पर तुरन्त ________पानी डालना चाहिए । (½)

22. रेबीज (हाइड्रोफोबिया) के मामले में प्रभावित व्यक्ति को ________ से डर लगता है । (½)

23. शरीर संरचना की बुनियादी इकाई ________ होती है । (½)

24. तंत्रिका ऊतक की बुनियादी कोशिका को ________ कहा जाता है । (½)

25. विटामिन 'ए' की कमी से ________ नामक रोग हो जाता है । (½)

26. एक ग्राम ________ से 9 कि. कै. ऊर्जा प्राप्त होती है । (½)

27. रक्त वाहिकाएँ परिसंचरण प्रणाली का वह भाग हैं जो सम्पूर्ण शरीर में ________ पहुँचाती हैं । (½)

28. रिसेप्शन या स्वागत कक्ष अस्पताल के ________ पर होता है । (½)

Downloaded from www.cclchapter.com

29. तनाव की वजह से रोगी और उनके परिचर ________ खो देते है । **(½)**

30. पीड़ित एवं घायल व्यक्ति को निजी वाहन या ऑटो में ले जाने की जगह ________ को कॉल करना उचित तरीका है । **(½)**

खण्ड – (स)

चार से छ: पंक्तियों में उत्तर दीजिए : **(6 × 1½ = 9)**

31. स्वामित्व या नियंत्रण के आधार पर अस्पतालों को वर्गीकृत कीजिए । **(1½)**

32. देखभाल योजना के उद्देश्य लिखिए । **(1½)**

33. विसंक्रमण व कीटाणुशोधन में क्या अन्तर है ? लिखिए । **(¾ + ¾ = 1½)**

34. प्राथमिक चिकित्सा से आप क्या समझते हैं ? प्राथमिक उपचार के सिद्धान्त लिखिए । **(¾ + ¾ = 1½)**

35. मानव शरीर के विभिन्न तंत्रों (प्रणालियों) की सूची बनाइए । **(1½)**

36. रोगी के साथ आए व्यक्तियों के साथ प्रभावी बातचीत हेतु आवश्यक कौशल कौन–कौन से हैं ? लिखिए । **(1½)**

Downloaded from www.cclchapter.com

खण्ड – (द)

दो पृष्ठों में उत्तर दीजिए : **(2 × 3 = 6)**

37. अस्पताल में रोगी की स्थितियों को बदलना क्यों आवश्यक है ? विभिन्न स्थितियों के नाम लिखते हुए उपयोग लिखिए । **(1 + 2 = 3)**

38. अस्पताल से अर्जित संक्रमण (एच.ए.आई.) से आप क्या समझते हैं ? एच.ए.आई. नियंत्रित करने में नर्स और जनरल ड्यूटी सहायकों की भूमिका का वर्णन कीजिए । **(1 + 2 = 3)**

Downloaded from www.cclchapter.com

Downloaded from www.cclchapter.com